Cambridge Assessment International Education

# MOUNT CARMEL INTERNATIONAL SCHOOL, AKOLA

## CAMBRIDGE PRIMARY IGCSE (TERM END Examinations-I)

**Grade: 4** **Subject: Hindi** **Date: 09.11.2024**

**Candidate Name: ________________________________ Roll Number: _____**

**Max Marks: 35** **Time Duration: 90 minutes** **Invigilator's Sign:**

| SCRUTINY | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Q1 | | Q11 | | Q21 | | Q31 | | Q41 | | Q51 | |
| Q2 | | Q12 | | Q22 | | Q32 | | Q42 | | Q52 | |
| Q3 | | Q13 | | Q23 | | Q33 | | Q43 | | Q53 | |
| Q4 | | Q14 | | Q24 | | Q34 | | Q44 | | Q54 | |
| Q5 | | Q15 | | Q25 | | Q35 | | Q45 | | Q55 | |
| Q6 | | Q16 | | Q26 | | Q36 | | Q46 | | Q56 | |
| Q7 | | Q17 | | Q27 | | Q37 | | Q47 | | Q57 | |
| Q8 | | Q18 | | Q28 | | Q38 | | Q48 | | Q58 | |
| Q9 | | Q19 | | Q29 | | Q39 | | Q49 | | Q59 | |
| Q10 | | Q20 | | Q30 | | Q40 | | Q50 | | Q60 | |

| Marks Obtained | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 35 | 15 | 50 | Grade |

**Sub. Tr. Sign: _______**

**प्रश्न 1. शब्दार्थ लिखिए ।** **2M**

1. भाई-चारा -___________________ 2. घोंसला - ___________________

**प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों का का वाक्य- प्रयोग कीजिए।** **2M**

1. लालच- ______________________________________________________________

2. आत्मनिर्भर -______________________________________________________________

**प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों के उलटे अर्थ लिखिए ।** **1M**

1. राक्षस X ______________________ 2. अमीर X ______________________

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **2M**

1. 'कौन सिखाता है चिड़ियों को' कविता के अनुसार चिड़िया को सब कुछ करना कौन सिखाता है?

______________________________________________________________________

2. अक्कड़ मक्कड़ दोनों मूर्ख कैसे थे?

______________________________________________________________________

**प्रश्न.5 किसने किससे कहा ?** **2M**

1. "बेटा क्या तुम मेरा यह गट्ठर मेरे घर तक पहुँचा दोगे।"

______________________________________________________________________

2. "क्या मालूम वह कुछ उधार पैसे देकर ही हमारी मदद कर दें।"

______________________________________________________________________

**प्रश्न 6. निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।** **2M**

1. नीडर - __________________ 2. विर- __________________

**प्रश्न 7. वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्यों को पुनः लिखिए।** **2M**

1. गाय फसल चर रही है।

______________________________________________________________________

2. मैं पिताजी के साथ जाऊँगा।

______________________________________________________________________

**प्रश्न 8. उचित सर्वनाम शब्द छाँटकर खाली स्थान में लिखिए।** **2M**

1. ________________ मेरी बहन है। (वह / उसका)

2. रचित ने___________ मिठाई खिलाई। (मैंने / मुझे)

**प्रश्न 9. दिए गए विशेषण शब्दों को उनसे संबंधित शब्दों से मिलाइए।** **2M**

1. नीला घास

2. मीठा पानी

3. दयालु आम

4. सूखी राजा

**प्रश्न 10. क्रिया शब्दों पर गोला लगाइए।** **2M**

1. सुमित दौड़ना उनका मधुर

2. नाचना गरमी फूल समुद्र

**प्रश्न 11. दिए चित्रों को देखिए और इनके लिए एक-एक वाक्य लिखिए।** **2M**

1 . 

1. पेड़ पर __________________________।

2. 

2. मोर जंगल_________________________।

**प्रश्न. 12. दिए गए शब्दों को अलग-अलग करके सही जगह पर लिखिए।** **2M**

(लड़के तोता, माला, घोड़े)

| एकवचन | बहुवचन |
| --- | --- |
| ________________________ | ________________________ |
| ________________________ | ________________________ |

**प्रश्न 13. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 4M**

डॉ. कलाम भारत को एक शक्तिशाली और आत्मनिर्भर देश के रूप में देखना चाहते थे। वे मानते थे कि यदि किसी भी काम को करने में स्वयं का सौ प्रतिशत योगदान दिया जाए तो आपकी सफलता भी सौ प्रतिशत निश्चित है। सन् 2002 में उन्हें देश के सबसे ऊँचे पद पर बैठाया गया । वे देश के ग्यारहवें राष्ट्रपति चुने गए। आज भी उनकी गिनती जनता के सबसे प्रिय राष्ट्रपतियों में होती है। उन्हें बच्चों से विशेष लगाव था।

1962 में उन्होंने 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ' में परियोजना महानिदेशक का पदभार सँभाला। उन्होंने भारत का पहला स्वदेशी उपग्रह (सेटेलाइट) और प्रक्षेपास्त्र (मिसाइल) बनाया तब से ही उन्हें मिसाइल मैन कहा जाने लगा। उनके इस महान व्यक्तित्व को भारत सरकार द्वारा भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, 'भारत रत्न' सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

1. डॉ. कलाम भारत को कैसे देश के रूप में देखना चाहते थे?

______________________________________________

2. डॉ. कलाम को किन से विशेष लगाव था?

______________________________________________

3. डॉ. कलाम किस सन में भारत के उपराष्ट्रपति चुने गए?

______________________________________________

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से सही पर्याय चुनिए ।

डॉ. कलाम को मिसाइल मैन कहा जाता है ।

सही ☐ गलत ☐

**प्रश्न 14. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 4M**

वरदराज बिल्कुल बदल गया। वह पढ़ाई में खूब मन लगाने लगा। गुरुजी जो पढ़ाते वरदराज उसे बड़े ध्यान से सुनता, हर पाठ को मन लगाकर याद करता जो पाठ उसे समझ में ना आता वह उसे कई - कई बार पढ़ कर समझने का प्रयास करता। जल्दी ही वरदराज अपने विद्यालय का सबसे मेधावी छात्र बन गया। गुरुजी उसकी प्रशंसा करते फूले न समाते। वरदराज को पढ़ने का इतना शौक हो गया था कि वह अपनी पाठ्य-पुस्तकों के अलावा अन्य पुस्तकों का भी अध्ययन करने लगा। वह विद्यालय का सबसे होनहार विद्यार्थी बन गया। पढ़ाई में कमज़ोर समझे जाने वाला यही बालक अपनी मेहनत और लगन से कुशाग्र बुद्धि बन गया। बाद में बड़ा होकर यही वरदराज संस्कृत के एक बहुत प्रसिद्ध विद्वान के रूप में जाना गया।

1. वरदराज पढ़ाई करने के बाद कैसा छात्र बन गया?

____________________________________________

2. वरदराज किस भाषा के विद्वान के रूप में जाना गया?

____________________________________________

3. गद्यांश में आए हुए कोई दो सर्वनाम लिखिए।

______________________     ____________________

4. नीचे दिए हुए शब्द का पर्यायवाची शब्द गद्यांश में से ढूँढकर लिखिए।

पाठशाला -__________________

**प्रश्न 15. दिए हुए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 4M**

अमेरिका के एक मामूली परिवार में अब्राहम नाम का एक बालक था। उसे पुस्तकें पढ़ने का बहुत शौक था, किंतु पैसों की कमी के कारण वह पुस्तकें खरीद नहीं पाता था। अतः वह इधर-उधर से पुस्तकें माँगकर पढ़ा करता था। एक दिन उसने अपने पड़ोसी से जॉर्ज वॉशिंगटन की जीवनी की पुस्तक पढ़ने के लिए माँगी। उसने पुस्तक पढ़कर खिड़की के पास रख दी और सो गया। रात को बहुत तेज़ बारिश हुई, जिससे पुस्तक भीगकर खराब हो गई। अब्राहम को बहुत बुरा लगा। उसने अपने पड़ोसी से उसके बदले जुर्माने के तौर पर उसके खेतों में काम करना स्वीकार किया। पड़ोसी अब्राहम की ईमानदारी और मेहनत से बहुत खुश हुआ। यही ईमानदार और मेहनती बालक अब्राहम आगे चलकर अमेरिका के राष्ट्रपति 'अब्राहम लिंकन' के नाम से प्रसिद्ध हुए।

1. अब्राहम पुस्तकें क्यों खरीद नहीं पाता था?

___________________________________________________

2. अब्राहम ने पड़ोसी से पुस्तक माँग कर किसकी जीवनी पढ़ी?

___________________________________________________

3. बालक अब्राहम आगे चलकर किस नाम से जानें गए?

___________________________________________________

4. नीचे दिए गए शब्द का विलोम शब्द गद्यांश में से ढूँढकर लिखिए।

बेईमानी × ____________________

**************************************